हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 20.5 डिग्री

11 एसआईआर को लेकर शहर में कांग्रेस का प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला जलाया



12 नारी सुरक्षा को लेकर पुलिस के बढ़ते कदम, पिंक राइडर्स से असामाजिक तत्वों पर नजर



खबर संक्षेप

मारपीट मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में चार आरापियों को गिरफ्तार किया है। थाना जाटूसाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 2 अक्टूबर को कई आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने परखोतमपुर निवासी कृष्ण और निर्भय को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया। बावल थाना पुलिस ने 10 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में मंगलेश्वर निवासी नितिन और खेड़ा मुरार निवासी मोहन को गिरफ्तार किया है।

हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद वाहन सहित फरार हुए दो चालकों को गिरफ्तार किया है। नारनौल रोड पर हुए हादसे में एक महिला की मौत के बाद पुलिस ने 4 अक्टूबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हुड़िया जैतपुर निवासी कुसुम की हादसे में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक नूंह के जाफराबाद निवासी शमशेर खान को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने 6 अक्टूबर को दर्ज मामले में आरोपी कैंटर चालक जम्मू-कश्मीर के बांट निवासी राजेंद्र को गिरफ्तार किया है। दोनों के वाहन भी पुलिस ने जब्त किए हैं।

दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता कोमल की शिकायत के आधार दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंसलिंग के बाद भी उनमें समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 14 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के पाटन निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

डहीना। डहीना रेलवे स्टेशन वाले स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग जोर पकड़ रही है।सुक्रमपाल, सुधीर, अविनाश, धीरज व सुनील आदि ने बताया कि रेलवे स्टेशन वाले बस स्टैंड पर कंवाली मोड़ पर कई बार हादसे हो चुके हैं। स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन तेज गति से निकलते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई दुपहिया वाहन चालक हादसों के शिकार हो चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस बस स्टैंड पर तुरंत स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए।

यादव कल्याण सभा का चिकित्सा शिविर 11 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में 11 अक्टूबर को फ्री चिकित्सा शिविर सुबह 9:00 से 11:00 बजे के दौरान आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा शिविर में मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाती है। सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को मुफ्त परामर्श व दवाएं देंगे। जरूरतमंद लोगों के टेस्ट कराने की व्यवस्था भी होगी। चिकित्सा शिविर के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की मीटिंग प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा प्रोत्साहन व सम्मान समारोह की तैयारियों के मद्देनजर विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसके अलावा वार्षिक उत्सव बारे अन्य विचार विमर्श भी किया जाएगा।

निखिल मांढैया ने चेतराम सैनी को पांच मतों से दी शिकस्त

निकाय में 'राजा' की बादशाहत बरकरार एक बार फिर गच्चा खा गया विरोधी खेमा

- राव की फिरकी में उलझे मात देने की मुहिम में शामिल नेता वाइस चेयरमैन का ताज सजा निखिल मांढैया के सिर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद के वाइस चेयरमैन के चुनाव में पहली बार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को मात देने की तैयारी के साथ उतरा भाजपा में ही उनका विरोधी खेमा राव की फिरकी में उलझकर गच्चा खा गया। प्रतिष्ठा का सवाल बन चुके इस चुनाव में राव समर्थित निखिल मांढैया ने विरोधी खेमे के सहारे मैदान में उतरे चेतराम सैनी को पांच मतों से शिकस्त देकर वाइस चेयरमैन का पद अपने नाम कर लिया। राव खेमे के लिए वीरवार का दिन 'दिपावली' से कम नहीं रहा। समर्थकों ने जीत हासिल करने के बाद उनके निवास पर जाकर जमकर जश्न मनाया।

सुबह लगभग 10 बजे निखिल मांढैया और चेतराम सैनी दोनों अपने-अपने समर्थक पार्षदों के साथ नगर परिषद प्रांगण पहुंच गए थे। चुनाव अधिकारी के रूप में डीएमसी प्रदीप अहलावत और तहसीलदार रमन कुंडू मौजूद थे। मतदान तक दोनों खेमों की ओर से अपनी-अपनी जीत के दावे किए जा रहे थे। बैठक में सभी 32 पार्षद और चेयरमैन विनीता पीपल पहुंच चुके थे। चुनाव में सर्वसम्मति नहीं बनने के कारण मतदान अधिकारियों ने वोटिंग की प्रक्रिया शुरू कराने का निर्णय लिया। लगभग तीन घंटे तक बंद कमरे में चुनावी प्रक्रिया चलती रही। वोटिंग के बाद मतगणना शुरू हुई, तो परिणाम राव खेमे में पक्ष में आ गया। चेयरमैन सहित 33 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें 19 ने निखिल मांढैया के पक्ष में मतदान किया। चेतराम सैनी का आंकड़ा 14 मतों पर ही सिमट गया। परिणाम घोषित होते ही नगर परिषद प्रांगण में एक ओर जहां राव समर्थकों ने जश्न मनाया शुरू किया, तो दूसरी ओर विरोधी खेमे से जुड़े पार्षद चुपचाप निकल गए। इसके बाद निखिल समर्थकों सहित रामपुरा में राव इंद्रजीत सिंह के निवास पर पहुंच गए।



रेवाड़ी। जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली का मुंह मीठा कराते हुए निखिल मांढैया। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। जीत के बाद चेयरमैन विनीता पीपल के साथ बाहर आते हुए निखिल मांढैया।

रामपुरा में जमकर मनाया जश्न

निखिल मांढेया की जीत सुनिश्चित होते ही उनके समर्थक डीजे की धुन पर थिरकते हुए सबसे पहले राव के रामपुरा निवास पहुंचे। वहां जमकर जश्न मनाया गया। शहर में भी विजयी जुलूस निकाला गया। जीत की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में राव समर्थक उनके निवास पर एकत्रित हो गए। उन्होंने एक-दूसरे के गले मिलकर बधाई दी।



रेवाड़ी। व्हील चेयर पर वोटिंग के लिए जाते राव समर्थक पार्षद प्रदीप भार्गव।

पर्दे के पीछे लगे रहे 'बड़े चेहरे'

निकाय चुनावों में वर्षों से राव इंद्रजीत सिंह का हस्तक्षेप और दबदबा रहा है। इससे पूर्व वाइस चेयरमैन के पद पर वही पार्षद आसीन होता था, जिसका नाम राव की ओर से फाइनल किया जाता था। पहली बार ऐसा हुआ कि राव के निखिल का नाम सुझाते ही चेतराम सैनी ने विरोध में ताल ठोक दी। सूत्रों के अनुसार भाजपा के ही कुछ 'बड़े चेहरे' अंदरखाने इस चुनाव में राव को बड़ी मात देने की तैयारी में थे।

रणनीति के तहत की गई तैयारी

राव ने सर्वसम्मति नहीं बनने की सूरत में निखिल को वाइस चेयरमैन बनवाने का जिम्मा चेयरमैन विनीता पीपल को सौंप दिया था। प्रतिष्ठा का सवाल बनने के बाद राव के कई रणनीतिकार भी अंदरखाने विरोधियों की चुनौती का सामना करने की रणनीति बनाने में लग चुके थे। आखिरकार समर्थकों ने निखिल की विजय सुनिश्चित कराते हुए राव के विरोधियों की सभी कौशिशों को नाकाम साबित कर दिया।

शहर का विकास ही प्राथमिकता

अपनी जीत के बाद निखिल मांढैया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जीत का श्रेय राव इंद्रजीत सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी जीत में शहर के सभी पार्षदों का योगदान रहा है। वह सभी के साथ मिलकर शहर के विकास को प्राथमिकता देंगे। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने नगर परिषद पहुंचकर निखिल मांढैया को जीत की बधाई दी।

पांच घायल गोवंश गोशाला में उपचाराधीन एक घंटे तक हाइवे पर लगा रहा जाम

नेशनल हाइवे पर गोवंश का काल बना वाहन टक्कर लगने के बाद पांच की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर साबन चौक फ्लाईओवर के पास बुधवार की रात किसी वाहन की चपेट में आकर पांच बछड़े व बछड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इतने ही गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक फरार होने में कामयाब हो गया। घायल बछड़े-बछड़ियों को बावल की गोशाला में उपचार के लिए भेजा गया है। इस दौरान हाइवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। रात को हाइवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने किसी वाहन ने बछड़े और बछड़ियों को टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन चालक फरार हो गया। सड़क पर पशुओं के गिरने के कारण हाइवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही बावल थाना पुलिस और हाइवे पेट्रोलिंग स्टाफ मौके पर पहुंच गया। पांच गोवंश की हादसे के बाद मौत हो चुकी थी, जबकि पांच को गंभीरावस्था में गोशाला भेजा गया। मारे गए पशुओं को पुलिस ने जमीन में दबवा दिया। पशुओं को सड़क से हटाने के बाद यातायात सुचारू किया गया। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन व चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



रेवाड़ी। हादसे के बाद गोवंश को एंबुलेंस में चढ़वाते हुए पुलिस व हाइवे पर लगा वाहनों का जाम। फोटो :हरिभूमि

पशुओं को खुला छोड़ने से हादसा

हाइवे के आसपास के गांवों के पशुपालक अपने पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। यह पशु खेतों में चरते हुए सड़क पर आ जाते हैं। रात के समय तेज रफ्तार वाहनों के चालकों को सड़क पर पशु नजर नहीं आते, जिस कारण हादसा हो जाता है। इससे पहले भी इसी रोड पर कई ऊंट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत के मुंह में चले गए।

पुलिस ने कंपनी के बॉयलर में नष्ट किए पकड़े गए नशीले पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस विभाग की ओर से पकड़े गए नशीले पदार्थों को वीरवार को आईजी ओपी नरवाल की अध्यक्षता, एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा और डीएसपी कोसली विद्यानंद की मौजूदगी में गुरूग्राम की एक कंपनी में ले जाकर बायलर में डलवाने के बाद नष्ट कराया गया। निष्पदन का कार्य डीजीपी की अनुमति के बाद किया गया। इसके तहत 5.240 किलोग्राम गांजा, 183.640 किलोग्राम चूरा पोस्त, 2.476 किलोग्राम सुल्फा-चरस, 162 ग्राम स्मैक तथा प्रतिबंधित दवाइयां जिनमें 1688 कैप्सूल, 2894 टेबलेट तथा 580 ग्राम अफीम शामिल है सहित कुल 194.39 किलोग्राम नशीला मादक पदार्थ है। इन मदों में से एक मद 580 ग्राम अफीम मध्य प्रदेश के जिला नीमच की एक दवा कंपनी में जमा करवाई जाएगी। इलैक्ट्रोनिक कांटा से मदों का वजन चेक कराया एवं सही होने उपरांत निष्पादन कार्य अपनी निगरानी में कराया। इस निष्पादन कार्य के दौरान रीडर आईजीपी साउथ रेंज एएसआई रवि दत्त, एसआई अनिल कुमार, मालखाना मोहर्र एसआई काशीराम, लाईन अफसर एसआई विजय कुमार व एएसआई उपेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



रेवाड़ी। मादक पदार्थों को नष्ट कराते पुलिस अधिकारी।

बाइक चोरी का आरोपी कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने बीते मई माह में सिविल अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक झज्जर से बरामद की है। गोकलगढ़ निवासी हवासिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने अपनी बाइक गत 28 मई को सिविल अस्पताल के नजदीक पार्क किया था। जब वह अस्पताल से बाहर आया, तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में झज्जर के मोहल्ला आर्य नगर निवासी अमित को पुलिस ने कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह किसी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर ली।



केशव हत्याकांड में नाबालिग सहित तीन काबू

- दो को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया
- गत 30 सितंबर को दिया गया था वारदात को अंजाम, मारपीट के बाद नकदी व चेन भी छीनी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 30 सितंबर को ढाणी सूंदरोज में दो सगे भाइयों पर किए गए जानलेवा हमले में हुई बड़े भाई केशव की मौत के मामले में सीआईए ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों ने मारपीट के बाद लूट की वारदात को भी अंजाम दिया था। दो आरोपियों को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने हमले के बाद ही दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। केशव शर्मा और उसका भाई राम 30 सितंबर को रेवाड़ी से घर लौट रहे थे। उनके घर के पास पहुंचने पर कई युवकों ने दोनों पर हमला कर दिया था। उनके बेसुध होने के बाद आरोपी 50 हजार रुपये, सोने की चेन और अंगूठी छीनकर फरार हो गए थे। दोनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने के बाद पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया था। पीजीआई में तीन दिन पहले केशव शर्मा की मौत हो गई थी। पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए परिजनों ने सरकुलर रोड पर जाम भी लगाया था।

हथियारों से लैस थे हमले के आरोपी

डीएसपी हेडक्वार्टर संजीव बल्हारा ने वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि दोनों भाइयों पर हमला करने वाले बदमाश हथियारों से लैस थे। उनके पास पिस्टल और तलवार थे। इस हत्याकांड में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों दीपांशु और नितिन को गिरफ्तार कर लिया था। अब एक नाबालिग सहित तीन अन्य आरोपियों काबू किया गया है। लूट का सामान और हथियार बरामद करने के लिए दो को रिमांड पर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आरोपियों का आपराधिक इतिहास

डीएसपी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए आरोपी आदतन अपराधी हैं। धीरज उर्फ नाईका के खिलाफ थाना रामपुरा, शहर और जिला गुरुग्राम के थाना बजघेडा में लूट, मारपीट, एक्साइज एक्ट, तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। संजय उर्फ टोनी के खिलाफ थाना रामपुरा में मारपीट का एक मामला दर्ज हैं। दीपांशु उर्फ गोलू के खिलाफ पहले भी थाना जाटूसाना व थाना माडल टाउन में मारपीट के 2 आपराधिक मामले दर्ज हैं। नितिन उर्फ नेता के खिलाफ भी पहले भी भिवानी जीआरपी थाना, थाना माडल टाउन तथा थाना खोल में चोरी व मारपीट के 3 मामले दर्ज हैं।

सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस होने लगी है, जिससे गुलाबी ठंड की आहट साफ महसूस की जा रही

नरम पड़ने लगे गर्मी के तेवर, पारा गिरने से किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। मौसम के तेवर नरम पड़ने शुरू हो गए हैं। दिन के तापमान में गिरावट आने लगी है, जबकि रात का तापमान पहले ही कम होना शुरू हो गया था। सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस होने लगी है, जिससे गुलाबी ठंड की आहट साफ महसूस की जा रही है। तापमान में अभी और गिरावट आने की संभावना है। बारिश के आसार कम नजर आ रहे हैं। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 0.7 डिग्री की गिरावट के साथ 36.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात के तापमान में भी 1.0 डिग्री की कमी दर्ज की गई। यह 20.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 70 प्रतिशत तक पहुंच गया। दिन के तापमान में कमी से गर्मी का असर कम होना शुरू हो गया है। कूलर का इस्तेमाल लगभग बंद हो गया है, जबकि एसी के इस्तोमल में भी कमी आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में मौसम में बदलाव आ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आसमान में बादल और बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी। इससे दिन के तापमान में और कमी दर्ज की जाएगी।



रेवाड़ी। फसल बिजाई के लिए खेत तैयार करता हुआ किसान। फोटो : हरिभूमि

सरसों की बिजाई के लिए मौसम अनुकूल

जिले में सरसों की बिजाई का समय नजदीक आने के साथ ही किसान खेतों की तैयारी में जुटने लगे हैं। तापमान में कमी आने से सरसों की बिजाई के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनने लगी हैं। किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम और ठंडा हुआ तो सरसों की बिजाई का काम तेजी पकड़ लेगा। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की तैयारी भी इसके बाद शुरू होने लगेगी।

बिजली की खपत में भी आने लगी कमी

मौसम ठंडा होने का सीधा असर बिजली की खपत पर भी पड़ा है। तापमान में गिरावट के साथ घरों और प्रतिष्ठानों में एसी व कूलर का इस्तेमाल कम हो गया है। इसके चलते जिले में बिजली की खपत में करीब 10 लाख यूनिट तक की कमी आई है। आने वाले दिनों में रात के तापमान में और गिरावट होने पर बिजली की मांग में और कमी आने की संभावना है। लोगों को कटों से राहत मिलने लगी है।

अब गर्म कपड़ों की तैयारी का समय

सुबह-शाम की ठंडक के बीच लोगों ने हल्के गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिए हैं। हालांकि दोपहर में अभी धूप गर्मी का अहसास करा रही है, लेकिन मौसम का बदलता मिजाज संकेत दे रहा है कि अब धीरे-धीरे ठंड का असर बढ़ने वाला है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट के साथ मौसम में ठंडक बढ़ने की उम्मीद है।

पाली में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 11 को

खोरी। गांव पाली में पंचायत घर में आगामी 11 अक्टूबर को युवा समाजसेवी सतीश यादव पाली के सौजन्य से 8वां निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में समस्त ग्रामीणों का सहयोग रहेगा। सतीश यादव ने बताया कि गंगा देवी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा शिविर में अपनी सेवा दी जाएगी। दवाइयां और परामर्श निःशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में नेत्र परीक्षण,आंखों की रोशनी की जांच, मोतियाबिंद की जांच, आंखों के पर्दे की जांच, मुफ्त चश्मे और वरिष्ठ चिकित्सकों की ओर से निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसके अलावा मोतियाबिंद का ऑपरेशन ओर मरीजों के लिए लाने ले जाने के लिए गाड़ी की सुविधा होगा।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'

अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

पंडित हेमचंद्र की 29वीं पुण्यतिथि मनाई

रेवाड़ी। गांव करनावास के जाने-माने साहित्यकार स्व. पंडित हेमचंद्र वैज्ञानिक की 29वीं पुण्यतिथि पर गांव करनावास के सरकारी स्कूल में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। पंडित हेमचंद्र वैज्ञानिक स्मृति मंच की देखरेख में आयोजित इस समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण कौशिक की अध्यक्षता में वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर रमेशचंद्र शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि तथा विचारक डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बटर मुख्य वक्ता भाग लिया। सेवानिवृत्ति मुख्य अध्यापक नेमीचंद शांडिल्य तथा कवयित्री डा. कविता गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में वैज्ञानिक सुपुत्र साहित्यकार पंडित कैलाशचंद भारद्वाज ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई।

सेवा सेतु कैंप में ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं

रेवाड़ी। सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में गांव सुथानी में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में पात्र परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रक्रिया, दस्तावेज और विभागीय सेवाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसी कड़ी में नगर पालिका बावल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। एडीसी एवं नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने बताया कि उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सेवा सेतु कैंपों को नागरिक सुविधा का महत्वपूर्ण माध्यम बनाया जा रहा है।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च निकालकर जताया रोष

एसआईआर को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, सीईसी का पुतला जलाया

- भाजपा के खिलाफ जमकर दहाड़े कांग्रेसी नेता, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एसआईआर के विरोध में शहर में प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर कांग्रेस ने वीरवार को में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सुभाष छावड़ी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च' निकाला। मार्च की अगुवाई एआईसीसी सदस्य चक्रवर्ती शर्मा ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव प्रक्रिया का निष्पक्ष और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा होना आवश्यक है। वोट बचेगा तो लोकतंत्र बचेगा एआईसीसी सदस्य चक्रवर्ती शर्मा और जिलाध्यक्ष ग्रामीण सुभाष छावड़ी ने कहा कि जनता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि वोट बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा और लोकतंत्र बचेगा तभी देश मजबूत होगा। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि चुनाव व्यवस्था में जनता का विश्वास कायम रहना जरूरी है।

विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता



प्रदर्शन में पूर्व मंत्री जगदीश यादव, नीलम भगवाड़िया, एससी सेल जिलाध्यक्ष रमेश ठेकेदार, सीपीएम नेता सतीश प्रधान, रामकुंवार प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष दीवान सिंह चौहान, हरीश सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, विजय बैरियर, हेमंत गौड़, पप्पू पहलवान, मनोज यादव, धीरज यादव, गजराज सरपंच, बीरसिंह प्रधान, पूर्व पार्षद नरेश, सरोज भारद्वाज, मनीषा यादव, प्रेमलता, संदीप कसाना, कृष्ण कुमार, विनय कमल, अरविंद दिशोदिया और महेंद्र रंगा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना के तहत कुपोषितों को मिलेगा अतिरिक्त आहार

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर सप्ताह में दो दिन वितरित किए जाते हैं पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना के तहत जिले में कुपोषित बच्चों को अतिरिक्त पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि योजना का उद्देश्य गंभीर रूप से कम वजन वाले, कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना है। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिन्हित बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत बच्चों को 55 ग्राम चूरमा, 30 ग्राम उबला हुआ चना तथा मौसम के अनुसार एक फल दिया जाता है। चूरमा से बच्चों को ऊर्जा एवं कैलोरी तथा चने से प्रोटीन प्राप्त होता है, जबकि मौसमी फल विटामिन और खनिज तत्वों का प्राकृतिक स्रोत है। यह पोषण आहार सप्ताह में दो दिन वितरित किया जाता है।

नियमित रूप से दिलाएं पोषण लाभ



जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से बच्चों के वजन एवं लंबाई की नियमित निगरानी की जाती है तथा अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जाती है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाले पोषण लाभ का नियमित रूप से लाभ दिलाएं।

विधायक ने किया स्टेट अवार्डी टीचर को सम्मानित

रेवाड़ी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में कार्यरत स्टेट अवार्डी अंग्रेजी अध्यापक मुकेश कुमार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने सम्मानित किया गया। विधायक ने उन्हें मेडल एवं पटका पहनाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी को तैयार करने वाला महत्वपूर्ण व्यक्तित्व होता है। शिक्षक का सम्मान ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की परंपरा का सम्मान है। राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होकर अध्यापक मुकेश कुमार ने अपने विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पुरस्कार जैसी उपलब्धियां शिक्षकों को और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती हैं।

न्यूज डायरी



मकान के ऊपर से एचटी लाइन हटवाने के निर्देश

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निवारण किया जा रहा है। एसडीएम दलबीर सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों के साथ जन समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में शहर के यादव नगर में घर की छत के पास से गुजरने वाली 11 हजार वोल्ट की बिजली के तारों को हटवाने की शिकायत पर एसडीएम ने बिजली विभाग अधिकारी को बिजली की तारों को घर से दूर करने के निर्देश दिए। सेक्टर 18 में अतिक्रमण करने की शिकायत पर एसडीएम ने एचएसवीपी को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा अवैध कब्जा, पेयजल आपूर्ति, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, बिजली आपूर्ति, नगर परिषद और राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं को रखा गया और एसडीएम ने इन शिकायतों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी दीपिका अग्रवाल, सीएम जितेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

अमावस्या के साथ कल पितृपक्ष का अंतिम दिन

रेवाड़ी। पितृ पक्ष पखवाड़े का समापन सर्वपितृ अमावस्या के साथ होता है। इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या आगामी 10 अक्टूबर, शनिवार को है, जिसे महालया अमावस्या भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस विशेष दिन पर विधि-विधान से तर्पण और पिंडदान करने से समस्त पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक चलने वाले 16 दिनों के काल को पितृ पक्ष या श्राद्ध पक्ष कहा जाता है। इन दिनों में लोग अपने दिवंगत पूर्वजों को याद करते हुए उनकी तृप्ति के लिए पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मण भोजन कराते हैं। उनका कहना है कि जिन परिजनों की मृत्यु की तिथि याद न हो या किसी कारणवश उनके निमित्त नियमित श्राद्ध तिथि पर तर्पण छूट गया हो, उनका श्राद्ध इस दिन किया जा सकता है। इस दिन परिवार के सभी ज्ञात-अज्ञात पितरों के नाम से एक साथ अन्न-जल अर्पित किया जाता है, जिससे पितृ दोष शांत होता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस दिन कुतुप मुहूर्त प्रातः 11 बजकर 45 मिनट से प्रारंभ होकर 12 बजकर 31 मिनट तक रहेगा, रौहिण मुहूर्त और अपराह्न काल एक बजकर 18 मिनट से 3 बजकर 37 मिनट तक रहेगा।



ड्रामेटिक क्लब की रामलीला का मंचन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे कॉलोनी के श्रीराम मंदिर में ड्रामेटिक क्लब की रामलीला का मंचन 10 अक्टूबर को किया जाएगा। यह रामलीला 20 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें पहली बार महिलाएं भी मुख्य पात्रों की भूमिका में अभिनय करती नजर आएंगी। क्लब के अध्यक्ष केके सक्सेना के निर्देशन में होने वाली रामलीला की व्यवस्थाओं में मुकेश भारद्वाज व घनश्याम दास शर्मा उप निदेशक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

रेलवे विभाग की ओर से आयोजन के लिए जारी अनुमति पत्र की सभी शर्तों का पालन किया जाएगा। रामलीला के दौरान 17 अक्टूबर को हास्य एवं सामाजिक नाटक ह्यमुझे लूट लियाह्न का मंचन दिल्ली और रेवाड़ी के कलाकारों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। नाटक में आज के समय में किराये के मकान की तलाश और मकान किराये पर लेने के दौरान आने वाली परेशानियों को हास्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

इस बार रामलीला के मंचन में कई नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। पहली बार रामलीला के कुछ पात्रों की भूमिका महिला कलाकार निभाएंगी। इनमें कैकेयी और स्वरूपनखा की भूमिकाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा मंच को भी नया स्वरूप देकर तैयार किया गया है। 10 अक्टूबर को कार्यक्रम का शुभारंभ पं. सुरेश शास्त्री और पं. मोहन लाल शर्मा द्वारा पूजन के साथ होगा, जबकि शुभारंभ का मंचन लक्ष्य कौशिक करेंगे।


रेवाड़ी। रामलीला मंचन की रिहर्सल करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

प्रमुख भूमिका में यह होंगे शामिल

रामलीला में केके सक्सेना, उमेश शर्मा, मुकेश भारद्वाज, राजेश शर्मा, बिजेश शर्मा, महेश कौशिक, सतीश, सागर, अनुज, दिवेश शर्मा, मोहित यादव, सौरव शर्मा, रोहित, प्रिंस, नरेंद्र गोयल, संजय सोनी, जितेश, भगत, जगदीश शर्मा, महेश कुमार, हर्ष यादव, लक्ष्य कौशिक, नवीन व प्रियांशु सहित कलाकार अलग-अलग भूमिकाएं निभा रहे हैं। जबकि म्यूजिक और डांस में श्याम लाल, राम नारायण, नीतू व राहुल जिम्मेदारी संभालेंगे।

इन लोगों का सहयोग सराहनीय

रामलीला के सफल आयोजन में विष्णु भगवान शर्मा, राम जीवन, आलोक शर्मा, भगवान दास, राम निवास चौधरी, महेंद्र कुमार वशिष्ठ, दीपक कुमार, बिल्लू राव, महेंद्र यादव, नरेंद्र कौशिक, जितेंद्र शर्मा, सौरव मीणा, राकेश श्रीवास्तव, अजय कुमार चौकी इंचार्ज कानोड गेट सहित अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं।



विद्यार्थियों को डायल-112 की दी गई जानकारी

धारूहेड़ा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा तथा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महिला थाना प्रभारी पीएसआई सरिता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वीरवार को यूरो इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को डायल-112, साइबर अपराध, महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, आत्मरक्षा, नशे के दुष्परिणाम तथा पुलिस की विभिन्न सुरक्षा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि छेड़छाड़, महिलाओं एवं बच्चों का शोषण तथा अन्य अपराध कानूनी रूप से दंडनीय हैं। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण या अपराध के विरुद्ध आवाज उठा सकें। पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव के लिए भी विद्यार्थियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की। नशे से दूर रहने का किया आह्वान पुलिस टीम ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। कई बार किशोरावस्था में युवा शौक के तौर पर नशे की शुरूआत करते हैं, जो बाद में लत में बदल जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखने की बात भी कही गई।



कैडेट्स ने प्रस्तुत की वायुसेना की गौरवगाथा

रेवाड़ी। ग्राम गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में वीरवार को 94वां भारतीय वायुसेना दिवस देशभक्ति और सैन्य गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जय सिंह राठौड़, कार्यवाहक वरिष्ठ अध्यापक विपिन शर्मा, विद्यालय कप्तान कैडेट अभिषेक और नवागंतुक कैडेट अकीरा जिंटू सहित स्टाफ एवं सैन्य छात्रों द्वारा केक काटकर की गई। कार्यक्रम में कैडेटों ने भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास, शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डाला। कैडेट खुशी खुशयंत, अभिषेक और आयुषराज ने भारतीय वायुसेना के अब तक के सफर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना देश की हवाई सुरक्षा, वायु निगरानी और युद्ध अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कैडेटों ने वायुसेना के वीर योद्धाओं एयर मार्शल सुब्रोतो मुखर्जी और एयर चीफ मार्शल अर्जन सिंह सहित देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विद्यालय बैंड की लयबद्ध धुनों के बीच एनसीसी कैडेटों ने शानदार कंटीन्यूटी परेड प्रस्तुत की।

साइबर ठगी से बचाव के बारे में किया जागरूक

- संदिग्ध लिंक से बचने और ओटीपी-यूपीआई पिन साझा नहीं करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को ऑनलाइन ठगी से बचाने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को साइबर थाना की टीम ने बीएमजी मॉल स्थित रिलायंस स्टोर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने स्टोर के कर्मचारियों और वहां मौजूद लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।


रेवाड़ी। बीएमजी मॉल में लोगों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

साइबर थाना से पीएसआई रोहित और पीएसआई मनीष के नेतृत्व में टीम ने लोगों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी कभी बैंक अधिकारी तो कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं। इसके अलावा लॉटरी और उपहार का लालच देकर या फर्जी लिंक भेजकर भी ठगी की जाती है।

सावधानी ही बचाव

ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल पुलिस या साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें। जागरूक होकर ही आमजन साइबर ठगों के जाल में फंसने से बच सकते हैं।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

ठगी होते ही 1930 पर करें संपर्क

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर समय गंवाए बिना राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा पोर्टल पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। टीम ने कहा कि ठगी की सूचना जितनी जल्दी दी जाएगी, रकम को रोकने की संभावना उतनी ही बढ़ सकती है। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका पुलिस टीम ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ जवाब दिया। पीएसआई रोहित ने कहा कि डिजिटल दुनिया में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने लोगों से घर के बच्चों और बुजुर्गों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

अवैध निर्माण पर फिर चली डीटीपी की जेसीबी, चारदीवारी और रोड जमींदोज

रेवाड़ी।अवैध रूप से विकसित होने वाली कॉलोनियों में निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई नियमित रूप से जारी है। अब डीटीपी की टीम ने माजरा गुरदास और मांढैया खुर्द में बिना अनुमति विकसित किए जा रहे निमार्णों को जेसीबी की मदद से जमींदोज करा दिया। इस कार्रवाई से निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। राजस्व संपदा माजरा गुरदास में करीब दो एकड़ भूमि पर नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से आवश्यक अनुमति लिए बिना अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर चार प्रीकास्ट चारदीवारी, 8 आरसीसी पोल तथा कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर लिया। इसके अलावा राजस्व संपदा मांढैया खुर्द में भी बिना अनुमति किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

बेदखली सूचना

मैं, मूर्ति पत्नी श्री काशीराम निवासी गांव अहरोद, उप-तहसील मनेठी, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र उमेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है और मेरे साथ लड़ाई-झगड़ा करता है। उसके व्यवहार से परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सूचना

निवेदन है कि मेरी माता श्रीमती उर्मिला देवी विधवा श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री कृपा राम निवासी 541 मेहरवाडा रेवाड़ी तहसील व जिला रेवाड़ी का स्वर्गवास दिनांक 20.06.2013 हो चुका है। श्रीमती उर्मिला देवी विधवा श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री कृपा राम निवासी 541. मेहरवाडा रेवाड़ी तहसील व जिला रेवाड़ी के स्वर्गवास के बाद उनके निम्न लिखित वारसान है:-

1. निखिल अग्रवाल, पुत्र 2. मोनू गुप्ता, पुत्री 3. निधि सिंघल, पुत्री 4. रुचि अग्रवाल, पुत्री 5. शिखा गुप्ता, पुत्री 6. सुचि अग्रवाल, पुत्री उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारसान श्रीमती उर्मिला देवी विधवा श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री कृपा राम निवासी 541 मेहरवाडा रेवाड़ी तहसील व जिला रेवाड़ी ना हैं।

अतः जनाब से निवेदन है कि श्रीमती उर्मिला देवी विधवा श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री कृपा राम निवासी 541 मेहरवाडा रेवाड़ी तहसील व जिला रेवाड़ी के उपरोक्त के अलावा अन्य कोई वारसान नही है कृपा करके पटवारी हल्का से वारसान तसदीक करवाने की कृपा करे। आपकी अति कृपा होगी।

हस्ता/- निखिल अग्रवाल
पुत्र श्री स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल
निवासी 541, मोहल्ला मेहरवाडा रेवाड़ी

दुकानदार परेशान, सीएम विंडो के एमीनेंट पर्सन ने पत्र लिखकर बताई समस्या, समाधान की मांग

शौचालय तोड़ने के बाद बनाना भूल गई नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोकल गेट के आसपास लगभग आधा दर्जन व्यस्त बाजार हैं। गेट के पास बने एक शौचालय को नगर परिषद ने आधुनिक बनाने के लिए तोड़ दिया, लेकिन इसका निर्माण कार्य शुरू कराना भूल गए। शौचालय के अभाव में इन बाजार के दुकानदारों से लेकर आमजन तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीएम विंडो के एमीनेंट पर्सन व व्यापारी नेता सुरेंद्र वशिष्ठ ने सीएम से लेकर डीसी तक को पत्र लिखकर शौचालय का जल्द निर्माण कराने की मांग की है।


रेवाड़ी। गोकल गेट के पास तोड़ा गया शौचालय। फोटो: हरिभूमि

गोकल गेट स्थित इस सार्वजनिक शौचालय का उपयोग पंजाबी मार्केट, केवल बाजार, काठ मंडी, रेलवे रोड, मोती चौक और आसपास के अन्य बाजारों के दुकानदार, व्यापारी, ग्राहक और राहगीर करते हैं।

पंजाबी मार्केट एसोसिएशन के प्रधान व सीएम विंडो के एमीनेंट पर्सन सुरेंद्र वशिष्ठ ने सीएम और डीसी को लिखे पत्र में बताया कि शौचालय का टेंडर हो चुका है। पुराने शौचालय को तोड़ा भी जा चुका है, लेकिन नए का निर्माण शुरू नहीं होने से रोजाना आने-जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

शौचालय के बीच पुराने पीपल के पेड़ को लेकर भी समाधान निकालने की मांग की गई है। धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण विशेषज्ञों और संबंधित विभागों की राय लेने तथा आवश्यकता पड़ने पर पेड़ को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की व्यवहार्यता जांचने का सुझाव दिया गया है, जिससे किसी की भावना आहत न हो।

ट्रांसफार्मर हटवाने की लगाई गुहार

पत्र में शौचालय के साथ लगे बिजली ट्रांसफार्मर और उसके नीचे स्थित बोरवेल को लेकर भी सुरक्षा एवं रखरखाव की समस्या बताई गई है। ट्रांसफार्मर को उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की तकनीकी संभावना तलाशने का आग्रह किया गया है। इससे शौचालय परिसर में अतिरिक्त जगह मिलने के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर हो सकती है। शौचालय की हाइट बढ़ाने की मांग भी की गई है।

समाज में बदलाव सभी की जिम्मेदारी

रेवाड़ी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में किशनलाल पब्लिक कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ के सहयोग से युवती सम्मेलन 'वीरांगना' का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कविता गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शी मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रदीप मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उषा रुस्तगी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला प्रचारक प्रदीप ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार रखते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक और रचनात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक जागरूकता, संस्कारों और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही महिलाएं उषा प्रियदर्शी ने नारी सशक्तिकरण पर विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं आज समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने युवतियों को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन के दौरान महिला सशक्तिकरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही युवतियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया।



बॉडी कैमरे और आधुनिक संचार उपकरणों से लैस महिला पुलिसकर्मी करेंगी गश्त

नारी सुरक्षा को लेकर पुलिस के बढ़ते कदम पिंक राइडर्स से असामाजिक तत्वों पर नजर

इन जगहों पर रहेगी खास नजर

- स्कूल और कॉलेजों के आसपास
- कोचिंग संस्थानों के आसपास
- प्रमुख बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र
- बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन
- शहर की संकरी गलियां और तंग रास्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पिंक राइडर्स को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए एएसपी दीपिका अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

शहर की सड़कों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के आसपास महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। अब संकरी गलियों से लेकर भीड़भाड़ वाले बाजारों तक महिला पुलिस की सीधी नजर रहेगी। पुलिस ने पांच अत्याधुनिक पिंक राइडर्स को शहर में उतारा है। वीरवार को लघु सचिवालय परिसर से एएसपी दीपिका अग्रवाल ने इन पांच स्कूटी दस्तों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पिंक राइडर्स का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि ये महिला पुलिसकर्मी उन स्थानों तक भी आसानी से पहुंच सकेंगी जहां चार पहिया पुलिस वाहन पहुंचने में परेशानी होती है। बाजारों की तंग गलियां हों या स्कूल-कॉलेज के आसपास के रास्ते, इन क्षेत्रों में अब नियमित गश्त के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। शहर में छात्राओं की आवाजाही वाले स्थान पिंक राइडर्स की गश्त के प्रमुख केंद्र होंगे। स्कूल-कॉलेज, कोचिंग संस्थान, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास महिला पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी। इसके अलावा प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी लगातार निगरानी रखी जाएगी। पुलिस का उद्देश्य केवल शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि महिला पुलिस की नियमित मौजूदगी के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर पहले से दबाव बनाना भी है। छेड़छाड़, छींटाकशी या महिलाओं को परेशान करने की शिकायत मिलने पर टीम तत्काल कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंच सकेगी। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी पीएसआई सरिता, शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, मॉडल टाउन थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

बॉडी कैमरे बनाएंगे गश्त को और प्रभावी

पिंक राइडर्स को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। महिला पुलिसकर्मियों के पास बॉडी कैमरे और आधुनिक संचार उपकरण होंगे। इससे गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों की गतिविधियों और घटनास्थल पर की जाने वाली कार्रवाई को बेहतर तरीके से दर्ज किया जा सकेगा। जरूरत पड़ने पर टीम स्थानीय थाना पुलिस और अन्य पुलिस इकाइयों के साथ तत्काल संपर्क कर सकेगी।

दुर्गा शक्ति से जुड़ेगा राइडर्स का नेटवर्क

पिंक राइडर्स को स्थानीय पुलिस के साथ-साथ दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स के साथ समन्वय में काम करने के लिए तैनात किया गया है। किसी महिला या छात्रा की ओर से सहायता की सूचना मिलने पर संबंधित टीमों के बीच तालमेल के माध्यम से जल्द कार्रवाई करने का प्रयास किया जाएगा।

नंबर डायल करते ही तुरंत पहुंच जाएंगी

पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं से अपील की है कि किसी भी तरह की असुरक्षा महसूस होने पर चुप न रहें। संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़ या किसी आपात स्थिति में डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी जा सकती है। सूचना मिलने पर नजदीकी पुलिस टीम को मौके पर भेजने की व्यवस्था है।

आगे बढ़ाई जाएगी स्कूटी की संख्या

रेवाड़ी पुलिस के अनुसार फिलहाल पांच महिला राइडर्स को शहर में उतारा गया है। आगामी चरण में पिंक राइडर्स की संख्या बढ़ाने की योजना है। इससे शहर के अधिक क्षेत्रों को नियमित गश्त के दायरे में लाया जा सकेगा।



रेवाड़ी। बीएलओ को जानकारी उपलब्ध कराते हुए मतदाता। फोटो : हरिभूमि

एसआईआर के तहत 112911 लोगों को जारी किए नोटिस

■ सुनवाई के लिए लंबित 6169 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और नोटिस एवं सुनवाई से जुड़े मामलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए जिले में 9 अक्टूबर तक विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में लंबित मामलों की सुनवाई के साथ-साथ आवश्यक दस्तावेज भी प्राप्त किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले में कुल 112911 नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 6169 मामले सुनवाई के लिए लंबित हैं। यह कुल मामलों का करीब 5.46 प्रतिशत है। 7 अक्टूबर को आयोजित विशेष शिविरों में 293 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं और जिन्होंने अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए हैं, उनसे विशेष शिविरों में पहुंचकर दस्तावेज जमा करवाने की अपील की गई है। डीसी ने कहा कि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे, यही अभियान का मुख्य उद्देश्य है। पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे अपने दस्तावेज संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को निर्धारित समय पर उपलब्ध करवाएं। इससे उनके नाम 6 नवंबर 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल किए जा सकेंगे। नोटिस प्राप्त मतदाता निर्धारित तिथि पर सुनवाई में अवश्य उपस्थित हों।

दीपोत्सव के साथ आज से शुरू होगा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह

■ तीन दिन तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



अग्रवाल सभा की ओर से अग्रवंशी शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का शुभारंभ 9 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन चौक पर दीपोत्सव के साथ होगा। रात्रि 7 बजे आयोजित होने वाले दीपोत्सव में समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा अग्रसेन स्कूल के सचिव, पूर्व नगर पार्षद एवं पूर्व मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन राजेंद्र सिंघल होंगे। जयंती समारोह के चेयरमैन गिरीश सिंगला ने बताया कि दीपोत्सव के साथ ही जयंती समारोह का भव्य आगाज होगा। 10 अक्टूबर को सेक्टर-3 स्थित हुड्डा ग्राउंड में सांस्कृतिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे होने वाले कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं कक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रधान बृजलाल गोयल मुख्य अतिथि होंगे। वेदांता हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. पवन गुप्ता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम देहरादून के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के सानिध्य में होगा। महाराजा अग्रसेन समन्वय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल तथा राष्ट्रीय महामंत्री नरेश एरन भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



जल्द जारी किए जाएंगे बिजली कनेक्शनः एसडीएम

कोसली। समाधान शिविर में एसडीएम विजय कुमार यादव ने बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन शीघ्र जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि कोसली डिवीजन में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। हर सोमवार एवं वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के दौरान आज एसडीएम विजय कुमार यादव ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को उनका निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ गांवों के किसानों ने बताया कि उन्होंने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पूरी राशि बिजली वितरण निगम में जमा करवा दी है। राशि जमा करवाने के 5-6 महीने बीत जाने के बाद भी उनको अभी तक नलकूप कनेक्शन नहीं मिल पाया है, जिससे उनको फसलों की सिंचाई करने में दिक्कत पेश आ रही हैं। इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल कुमार यादव, पब्लिक हेल्थ के एसडीओ अनिल कुमार, कृषि विभाग से संजीत कुमार, रोडवेज से संदीप, कुलभूषण लिपिक आदि मौजूद रहे।

बदलती जीवनशैली में जंकफूड से दूरी जरूरीः डॉ. कविता गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कविता गुप्ता व मौजूद विद्यार्थी।

चिकित्सक व भाजपा नेत्री डा. कविता यादव ने कहा कि आज का परिक्षेप में जहां बच्चों को जंक फूड से बचाना जरूरी है, वहीं उनके लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार पर जोर देना समय की आवश्यकता है। डा. गुप्ता वीरवार को एसएमएस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य, शारीरिक विकास और संतुलित खान-पान को लेकर आयोजित जागरूकता शिविर को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पौष्टिक भोजन को दैनिक आहार में शामिल करने तथा जंक फूड से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खान-पान की सही आदतें बचपन से ही विकसित करना जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित यादव ने भी इस मौके पर खानपान को लेकर बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के आयोजन के लिए भाजपा नेत्री डा. कविता ने अमित यादव का आभार व्यक्त किया।

न्यूज डायरी



हांसाका स्कूल में हुई व्याकरण प्रतियोगिता

रेवाड़ी। श्रीकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसाका में राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना फतेहाबाद की ओर से वीरवार को राज्य स्तरीय व्याकरण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन कराया गया। इस परीक्षा में कक्षा तीसरी से दसवीं कक्षा तक के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार यादव ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में ज्ञान की वृद्धि तो होती ही है साथ ही उनमें छुपी प्रतिभाएं भी उभरकर सामने आती हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चे भविष्य में आने वाली प्रतियोगिताओं की अच्छे से तैयारी कर पाते हैं। स्कूलों में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन नियमित अंतराल के बाद होना चाहिए।



कोसली मंडी बाजरा की खरीद का कार्य जारी

कोसली। कोसली मंडी में बाजरा की खरीद का कार्य सुचारु रुप से किया जा रहा है। अभी तक करीब 70 हजार क्विंटल बाजरा मंडी में बिक चुका है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि अनाज मंडी में बाजरा की खरीद जारी है। फिलहाल मंडी में आढ़तियों द्वारा बाजरा खरीदा जा रहा है। मंडी में अब तक 3706 गेट पास काटे जा चुके हैं और 1.04 लाख क्विंटल बाजरे की आवक हुई है। जिसमें से 69 हजार 560 क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है। हरियाणा सरकार ने बाजरा की फसल पर 600 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भावांतर भरपाई का मूल्य तय किया हुआ है। अनाज मंडी के दोनों धर्मकांटों की सर्विस करवाई गई है और दोनों कांटों पर सही वजन किया जा रहा है। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि किसान चाहे बाहर से अपनी फसल का वजन करवा कर लाए, उसके ट्रैक्टर का मंडी के कांटे पर भी वजन करवाया जाए। जिससे कि खरीद में पारदर्शिता बनी रहे।

डा. कृष्ण कुमार से मिले ग्राम सचिव समस्याओं को लेकर की एमएलए से चर्चा

■ विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी ने प्रधान श्रीभगवान गुरावड़ा की अध्यक्षता में बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार से मुलाकात की। कार्यकारिणी के सदस्यों ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और ग्राम सचिवों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उनके समक्ष रखा।

बैठक के दौरान ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, एलटीसी की लंबित राशि, सोशल मीडिया के सरकारी कार्यों के लिए स्मार्टफोन एवं इंटरनेट डाटा की सुविधा तथा परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन सहित विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा ग्राम सचिवों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने और उनके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया गया। एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने कहा कि ग्राम सचिव ग्रामीण स्तर पर सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उनके कार्यों को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक सुविधाएं और लंबित समस्याओं का समाधान किया जाना जरूरी है। ग्राम सचिवों ने विधायक से मांग की कि वह सरकार के समक्ष ग्राम पंचायतों को सभी प्रमुख समाचार पत्र खरीदने की अनुमति दिलाने का प्रयास करें।



ये रहे मौजूद

विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा रखी गई मांगों को सरकार एवं जिला प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके समाधान के लिए उचित स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपप्रधान रेनू यादव, सचिव मुकेश कुमार, आईटी एक्सपर्ट प्रदीप कुमार, अशोक, अनिल सहित अन्य ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

छात्राओं का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरीः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली



कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, परस्पर संवाद, चर्चा एवं ध्यान,योगा जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक दबाव और सामाजिक चुनौतियों के बीच छात्राओं का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। छात्राओं को समाज के सफलता और असफलता को लेकर नकारात्मक विचारों का प्रभाव अपने ऊपर नहीं पड़ने देना चाहिए। डा अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश से आने वाली बेटियों में अपार क्षमता है, लेकिन कई बार वे अपनी बात मन में रख लेती हैं, जिससे तनाव बढ़ता है। मानसिक रूप से मजबूत होना भी शिक्षा जितना ही जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे खुलकर संवाद करें, एक-दूसरे का सहयोग करें और किसी भी तरह की घबराहट या चिंता होने पर शिक्षकों से बात करने में संकोच न करें। इस अवसर पर डा. रीनू यादव,राकेश कुमार, अंजलि यादव, प्रदीप शर्मा, योगेन्द्र सिंह, सोनिया यादव, अंजलि पांचाल निर्मला व सुशीला सहित छात्राएं उपस्थित थीं।

संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए

अनाज मंडी में बढ़ रही बाजरे की आवक व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे डीसी मीणा

गेट पास से लेकर फसल उठान तक की व्यवस्थाएं जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अनाजमंडी में बाजरे की आवक लगातार बढ़ रही है। मंडी के बाहर बाजरा लेकर आने वाले वाहनों की लाइन लंबी होती जा रही है। इसी बीच वीरवार को डीसी अभिषेक मीणा ने अनाज मंडी का दौरा कर बाजरा खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को गेट पास बनवाने से लेकर फसल बेचने तक किसी तरह की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीसी ने मंडी में बाजरा की आवक, गेट पास जारी करने की प्रक्रिया, फसल की गुणवत्ता जांच, खरीद और उठान व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत किसानों को समय पर गेट पास जारी किए जाएं और खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाए। खरीदी गई फसल का समय पर उठान कराने के साथ किसानों को उनकी फसल का भुगतान भी निर्धारित समय में करवाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान डीसी ने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।





रेवाड़ी। अनाज मंडी में बाजरा खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

व्यवस्थाओं पर भी रखी नजर

निरीक्षण के दौरान डीसी ने मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के साथ किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और अटल कैंटीन सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि खरीद सीजन के दौरान मंडी में लगातार निगरानी रखी जाए। विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए और मंडी में अनावश्यक भीड़ या जाम की स्थिति पैदा न हो।

मां शेरावाली जागरण 11 को

रेवाड़ी। गांव चीताडूंगरा में मां शेरावाली के 15वें विशाल जागरण एवं देशी घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से होने वाले धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजकों के अनुसार 11 अक्टूबर को मां भगवती का जागरण आयोजित होगा। जागरण में आमंत्रित कलाकार भजन एवं माता की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मां का भव्य दरबार, अखंड ज्योति और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

इसके अगले दिन 12 अक्टूबर को देशी घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां भगवती का गुणगान सुनने और प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भी खासा उत्साह है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800